| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 3-12-25 | 04 | 1-3 |

# हकृवि में पीएचडी के लिए दाखिले शुरू, 13 दिसंबर तक करें आवेदन

## कॉमन एंट्रेंस टेस्ट की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे दाखिले

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 13 दिसंबर तक किए जा सकेंगे। पीएचडी में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में प्राप्त मेरिट के आधार पर होगा। आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

कुलपति ने कहा कि आवेदन करने से पहले उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस 2025-26 में दिए गए सभी नियम, हिदायतें, सीटों की संख्या, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, प्रवेश प्रक्रिया और महत्वपूर्ण तिथियों को ध्यान से पढ़ लें। उन्होंने बताया कि प्रवेश से संबंधित हर अपडेट के लिए hau.ac.in और admissions.hau.ac.in वेबसाइट को नियमित रूप से चेक करते रहें। डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बाहरी राज्यों के उम्मीदवार, साथ ही एनआरआई एवं इंडस्ट्री स्पॉन्सर्ड कैटेगरी के लिए भी अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

**पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया ऐसे होगी :** विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा।




राजगढ़ रोड पर स्थित एचएयू का गेट नंबर-4। आर्काइव

### इन विषयों में दाखिले होंगे

**■ कृषि महाविद्यालय**

*एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटियोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमाटोलॉजी, एन्टोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफारेस्ट्री, प्लांट पैथोलॉजी, सीड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सॉयल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट तथा रूरल मैनेजमेंट (गुरुग्राम परिसर)।*

**■ कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय**

*सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एंड पावर इंजीनियरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी इंजीनियरिंग।*

**■ सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय**

*एपैरल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज, रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस।*

**■ मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय**

*केमिस्ट्री, बायोकेमिस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टैटिस्टिक्स, जूलॉजी, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी।*

**■ मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय**

*एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवायरमेंट मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज इकोनॉमिक्स, फिशरीज एक्सटेंशन, फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट।*

**■ बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय**

*एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, मॉलिक्यूलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स।*

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 3-12-25 | 12 | 5-8 |

### कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 तक जारी रहेगी

# हकृवि में पीएचडी के विभिन्न विषयों में दाखिले शुरू

**पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। विश्वविद्यालय का गेट नंबर-4 का स्वर्ण जयंती द्वार।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और काउंसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस-2025-26 में दिए गए दाखिला संबंधी सभी हिदायतों व नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में मौजूद है। उन्होंने उम्मीदवारों को दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से चैक करते रहने को कहा है।

### पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले की ये होगी प्रक्रिया

*विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फलोरिकल्चरल एंड लैंडस्केपिंग, ज़ेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरस्ट्री, प्लांट पेथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट विषय शामिल हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग जबकि सामुदयिक विज्ञान महाविद्यालय में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं।*

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 3-12-25 | 04 | 03 |

# हकृवि में पी.एच.डी. के विभिन्न विषयों में दाखिले शुरू, 13 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

हिसार, 2 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न पी.एच.डी. कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर तक जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पी.एच.डी. में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा।

उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रदेश से बाहरी राज्यों के उम्मीदवार भी पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एन.आर.आई. व इंडस्ट्री स्पोंसर्स उम्मीदवारों के लिए भी पी.एच.डी. में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 3-12-25 | 04 | 01 |

## हकृवि में पीएचडी में दाखिले शुरू, आवेदन 13 तक करें

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। आनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और काउंसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 3-12-25 | 03 | 04 |

## हकृवि में पीएचडी के लिए दाखिला प्रक्रिया हुई शुरू

हिसार | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर तक जारी रहेगी। पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर है।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 02.12.2025 | -- | -- |

# हकृवि में पीएचडी के विभिन्न विषयों में दाखिले शुरू, 13 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

## विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.in पर ले सकते हैं अधिक जानकारी




चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार, । चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि आवेदन की प्रक्रिया 13 दिसंबर 2025 तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया पीएचडी कार्यक्रमों में दाखिला एंट्रेंस टेस्ट में हासिल मेरिट के आधार पर होगा। ऑनलाइन आवेदन फार्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन करने से पहले और काउंसलिंग के समय आने से पूर्व उम्मीदवार प्रोस्पेक्टस-2025-26 में दिए गए दाखिला संबंधी सभी हिदायतों व नियमों को अच्छी तरह से पढ़ लें। इसके अलावा उपलब्ध सीटों की संख्या, महत्वपूर्ण तिथियां, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, दाखिला प्रक्रिया आदि संबंधी सभी जानकारियां विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोस्पेक्टस में मौजूद है। उन्होंने उम्मीदवारों को दाखिला संबंधी नवीनतम जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट hau.ac.in and admissions.hau.ac.inÅÚU नियमित रूप से चेक करते रहने को कहा है।

**पीएचडी प्रोग्राम में दाखिले की ये होगी प्रक्रिया**

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में पीएचडी में दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि कृषि महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स, एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन एजुकेशन, एग्रीकल्चर मेटीयोरोलॉजी, एग्रोनॉमी, फ्रूट साइंस, फलोरिकल्चरल एंड लैंडस्केपिंग, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, नेमोटोलॉजी, इंटोमोलॉजी, सिल्वीकल्चर एंड एग्रोफोरस्ट्री, प्लांट पैथोलॉजी, सीड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, सायल साइंस, वेजीटेबल साइंस, एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट, बिजनेस मैनेजमेंट व रूरल मैनेजमेंट (in Gurugram) विषय शामिल हैं। कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में सॉयल एंड वाटर कंजरवेशन इंजीनियरिंग, फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग व रिनुएबल एनर्जी इंजीनियरिंग जबकि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में एपिरेल एंड टेक्सटाइल साइंस, एक्सटेंशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट, फूड्स एंड न्यूट्रीशन, ह्यूमन डेवेलपमेंट एंड फैमिली स्टडीज व रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विषय शामिल हैं।

मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में केमिस्ट्री, बायोकेमस्ट्री, इनवायरमेंटल साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, फिजिक्स, प्लांट फिजियोलॉजी, सोशियोलॉजी, स्टेटिक्स, जुलोजी, व फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी विषयों में दाखिलें होंगे।

इसी प्रकार मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में एक्वाकल्चर, एक्वाटिक एनिमल हेल्थ मैनेजमेंट, एक्वाटिक एनवायरमेंट मैनेजमेंट, फिश प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फिशरीज इकोनॉमिक्स, फिशरीज एक्सटेंशन, व फिशरीज रिसोर्स मैनेजमेंट विषय शामिल हैं। बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में एग्रीकल्चरल बायोटेक्नोलॉजी, मोलिक्युलर बायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी व बायोइन्फर्मेटिक्स विषय शामिल होंगे। हरियाणा प्रदेश से बाहरी राज्यों के उम्मीदवार भी पीएचडी में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा एनआरआई व इंडस्ट्री स्पोंसर्स उम्मीदवारों के लिए भी पीएचडी में अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 3-12-25 | 05 | 1-3 |


## अफगानिस्तान छात्रा ने पीएचडी करने पर कुलपति एवं विश्वविद्यालय परिवार का जताया आभार

हिसार, 2 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग से पीएचडी करने पर अफगानिस्तान की छात्रा खातेरा क्याने को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रा ने भी पीएचडी करने पर कुलपति, विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकगण और अपने मुख्य सलाहकार का धन्यवाद किया। छात्रा खातेरा ने विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाए गए उत्कृष्ट शैक्षिणक वातावरण, प्रयोगशाला सुविधाओं तथा निरंतर मार्गदर्शन करने वाले बैंज्ञानिकों का आभार प्रकट किया। छात्रा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में उपलब्ध सहयोगात्मक माहौल और सद्भावना ने उनके सम्पूर्ण शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध बनाया है। खातेरा क्याने ने कहा कि वह अपने शोध कार्यों को अफगानिस्तान की कृषि व्यवस्था एवं प्रबंधन में लागू करने का हर संभव प्रयास करेंगी। एमएससी करने के पश्चात उन्होंने वर्ष 2021 में पीएचडी में प्रवेश लेकर अपनी डिग्री को 2025 में पूरा किया। इस दौरान उनका थीसिज़ 'हरियाणा की प्रमुख मृदा श्रेणियों में एनपीके के सुक्ष्म जीवी गुणों का वितरण और उनके उत्सर्जन व्यहवार' था। पीएचडी के दौरान उनके मुख्य सलाहकार डॉ. रोहताश कुमार रहे।



**कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ खातेरा क्याने।**